पाठ - 14

बसवा का खेत

पता करो

Q1. बसवा के इलाके में तो “खुटी” से खेत की मिट्टी को नरम करते हैं। तुम्हारे इलाके में इसे क्या कहते हैं?

उत्तर : हमारे इलाके में इसे ‘कुदाल’ कहते हैं।

Q2. किसी किसान या अपने बड़ों से पूछो कि उनके इलाके में खेतों में क्या-क्या उगाया जाता है?

उत्तर : उनके इलाके में गेहूँ, धान, मक्का, आलू, टमाटर, प्याज, एवं अन्य कई सब्जियाँ उगाई जाती हैं।

जानते हो क्या

Q1. क्या तुम भी बसवा की तरह किसी काम में अपने घर के बड़ों की मदद करते हो? किस काम में?

उत्तर : हाँ, मैं भी अपने घर के बड़ों की उनके कामों में मदद करता हूँ। जैसे कि मैं अपनी मम्मी की मदद घर की सफाई तथा सजाने में करता हूँ।

Q2. वह काम करना तुम्हें कैसा लगता है?

उत्तर : वह काम करना मुझे अच्छा लगता है।

प्रश्नों के उत्तर: अपनी कॉपी में लिखो

Q1. बसवा कुछ दिन तक स्कूल क्यों नहीं जा सका?

उत्तर : क्योंकि बसवा खेतों में अपने पिता की मदद करना चाहता था।

Q2. क्या तुम्हारे घर के आस-पास कोई खेत है? वहाँ क्या-क्या उगाया जाता है?

उत्तर : हाँ, मेरे घर के पास कुछ खेत हैं। वहाँ सब्जियाँ तथा फूल उगाये जाते हैं।

Q3. बसवा के अप्पा, मंडी में प्याज बेचने के लिए ट्रक में जाते हैं। सोचो, जिन जगहों पर पक्की सड़क नहीं होती, वहाँ फल-सब्जियों को कैसे ले जाया जाता होगा?

उत्तर : जहाँ पक्की सड़कें नहीं होती वहाँ फलों-सब्जियों को बैलगाड़ी में ले जाया जाता है।

Q4. कौन-कौन सी गाड़ियों में फल और सब्जियाँ ले जाई जाती हैं? किसी एक गाड़ी का चित्र कॉपी में बनाओ।

उत्तर :



ट्रकों, ट्रैक्टरों, टेम्पो, बैलगाड़ी, रिक्शा, ठेला आदि में फल और सब्जियाँले जाई जाती हैं।

पता करो और लिखो

Q1. यहाँ कुछ ऐसे औजारों के चित्र बने हैं, जिनके नाम इस पाठ में आए हैं। इनके नाम लिखो। यह भी लिखो कि तुम्हारे . इलाके में इन्हें क्या कहते हैं? ये किस काम आते हैं?

उत्तर : 1-

(क) नाम (पाठ में)-कुरिगे

(ख) तुम्हारे इलाके में नाम-बीज बोने का हल

(ग) काम-मिट्टी उलटना एवं बीज बोना।

2-

(क) नाम (पाठ में)-ख़ुटी

(ख) तुम्हारे इलाके में नाम-कुदाल

(ग) काम-मिट्टी को नरम करना

3-

(क) नाम (पाठ में)–इलिगे

(ख) तुम्हारे इलाके में नाम-हँसिआ

(ग) काम-सब्जियों आदि को काटना

Q2. फसल उगाने के लिए कई तरह के काम करने होते हैं। इन चित्रों को देखो और उन पर सही क्रम लिखो।

उत्तर : सही क्रम निम्नांकित हैं-



Q3. अपने इलाके में उगाई जाने वाली किसी फसल के बारे में पता करो। वह कैसे उगाई जाती है, क्रम से कॉपी में चित्र बनाओ।

उत्तर : मेरे इलाके में गेंहू, धान, और सब्जियाँ उगाई जाती हैं। चित्र स्वयं बनाएँ।